भारत में पहली बार एसजे-100 यात्री विमान

एचएएल और रूस की यूएसई में ऐतिहासिक समझौता

आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ा कदम

नई दिल्ली. भारत ने विमानन उद्योग में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है. देश की अग्रणी एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड और रूस की प्रमुख विमान निर्माता कंपनी यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत भारत में सुखोई सुपरजेट SJ-100 सिविल कम्यूटर विमान का निर्माण किया जाएगा.

SJ-100 जेट दो इंजनों वाला विमान है. यह एक नैरो-बॉडी एयरक्राफ्ट है, जिसे आज की तारीख में 16 से ज्यादा कमर्शियल एयरलाइन ऑपरेट कर रहे हैं. अबतक 200 से ज्यादा SJ-100 यात्री विमानों का निर्माण हो चुका है. HAL का कहना है कि यह विमान भारत में उड़ान योजना के तहत कम दूरी की कनेक्टिविटी के लिए एक गेम चेंजर साबित होने वाला है. करार के तहत HAL को घरेलू उपभोक्ताओं के लिए SJ-100 जेट बनाने का अधिकार हासिल होगा.

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का कहना है कि उसके और रूसी कंपनी UAC के बीच यह समझौता दोनों संगठनों के आपसी भरोसे का नतीजा है. यह पहला मौका भी होने जा रहा है, जब भारत में एक पूर्ण यात्री बनाया जाएगा. ऐसा आखिरी प्रोजेक्ट HAL का ही AVRO HS-748 का उत्पादन था. यह 1961 में शुरू हुआ था और 1988 में खत्म हो

> सरकार का मानना है कि भारत जैसे विशाल भूगोल वाले देश में रीजनल एयर कनेक्टिविटी आर्थिक विकास की रीढ़ बन सकती है. SJ-100 जैसे विमान इस खाई को पाटने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं. भारत और रूस दशकों से रक्षा क्षेत्र में मजबूत सहयोगी रहे हैं, चाहे वह मिग और सुखोई लड़ाकू विमान हों या ब्राह्मोस मिसाइल प्रोजेक्ट.

भारतीय आवासीय बाजार घटती बिक्री और नयी आपूर्ति के बीच स्थिर

कोलकाता 28 अक्टूबर भारतीय आवासीय बाजार घटती बिक्री और नयी आपूर्ति के बीच स्थिर होता दिख रहा है जबकि वाणिज्यिक कार्यालय रियल एस्टेट क्षेत्र शीर्ष सात शहरों में लगातार बढ़ रहा है. नवीनतम शोध आंकड़ों से पता चलता है कि मासिक कार्यालय किराया 2024 के नौ महीनों के लगभग 85 रुपये प्रति वर्ग फुट की तुलना में वर्ष 2025 में लगभग 90 रुपये प्रति वर्ग फुट हो जाएगा जो सालाना छह प्रतिशत की वृद्धि है. सात शहरों में नये कार्यालयों के निर्माण में वृद्धि के बावजूद, औसत रिक्तियों के स्तर में मामूली तीन प्रतिशत की वार्षिक गिरावट देखी गयी जो 2024 के नौ महीनों में 16.70 प्रतिशत से घटकर 2025 के नौ महीनों में 16.20 प्रतिशत हो गया.

ईयू के व्यापार आयुक्त से मिले गोयल

व्यापारिक एवं आर्थिक मुद्दों पर चर्चा की

भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी होगी मजबूत

नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर (वार्ता) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यूरोपीय संघ के मुख्यालय ब्रुसेल्स की यात्रा के पहले दिन जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल और यूरोपीय संघ के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविच के साथ अलग अलग मुलाकात की और व्यापारिक एवं आर्थिक महत्व और पारस्परिक भागीदारी के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की.

श्री गोयल ने जर्मनी के मंत्री श्री वेडफुल के साथ मुलाकात में भारत तथा जर्मनी की मजबूत रणनीति भागीदारी के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता के साथ सहयोग के विभिन्न विषयों पर बात चीत की. यूरोपीय आयोग के व्यापार आयुक्त मारोस सेफकोविच के साथ उनकी बातचीत ईयू-भारत मुक्त व्यापार समझौते के मुद्दे पर केंद्रित रही.

श्री गोयल ने श्री वेडफुल के साथ मुलाकात की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, मैंने ब्रुसेल्स की अपनी यात्रा की शुरुआत जर्मनी के संघीय विदेश मंत्री जोहान वेडफुल के साथ एक बैठक के साथ की. हमारी इस बैठक में आपसी हित और विकास के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा हुई, जिसमें मजबूत भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी और भारत-यूरोपीय संघ एफटीए को शीघ्र पूरा करने के संबंध में दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की गयी.

> यूरोपीय संघ के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त श्री मरोस सेफकोविच के साथ बैठक की जानकारी देते हुए श्री गोयल ने एक पोस्ट में कहा, % मेरे मित्र यूरोपीय संघ के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मरोस सेफकोविच से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई. हमारी चर्चा भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता को गति देने पर केंद्रित रही. हमने एक त्वरित, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर पहुँचने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता भी दोहराई.

शिखर से फिसला शेयर बाजार सेंसेक्स 151 अंक टूटा

नयी दिल्ली, 28 अक्टूबर विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 150.68 अंक (0.18 प्रतिशत) टूटकर 84,628.16 अंक पर बंद हुआ.

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी आज 29.85 अंक यानी 0.11 प्रतिशत गिरकर 25,936.20 अंक पर रहा. दोनों प्रमुख सूचकांक सोमवार को अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए थे. मझौली और छोटी कंपनियों पर दबाव कम रहा. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.11 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.02 प्रतिशत की बढ़त में रहा.

एनएसई में जिन 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,730 में गिरावट और 1,385 में तेजी रही जबकि 122 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे. रियलिटी, आईटी, एफएमसीजी, ऑटो, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में गिरावट ज्यादा देखी गयी. धातु और सरकारी बैंकों के समूहों में तेजी रही.

औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर सितंबर में चार प्रतिशत

नयी दिल्ली, 28 अक्टूबर त्योहारी सीजन में वाहन, बिजली उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक्स सामान आदि बनाने वाले उद्योगों के कारोबार में तेजी की बदौलत विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन और बिजली उत्पादन क्षेत्र में स्वस्थ वृद्धि से सितंबर 2025 में औद्योगिक उत्पादन का मापने वाले देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में सालाना आधार पर चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी. सितंबर 2024 में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 3.2 प्रतिशत और अगस्त 2025 में 4.1 प्रतिशत थी. इस बार सितंबर माह का औद्योगिक प्रदर्शन विशेष महत्व रखता है क्योंकि अमेरिका में भारत के सामान पर 50 प्रतिशत के ऊंचे शुल्क के बाद यह पहला महीना रहा जिसमें अमेरिका को होने वाले निर्यात पर पूरा असर दिखा है.

जेके टायर को 223 करोड़ रुपये का मुनाफा

नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर (वार्ता) देश की अग्रणी टायर निर्माता कंपनी जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 223 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है जो एक साल पहले की समान तिमाही से 54 प्रतिशत अधिक है.

वित्तीय परिणामों की घोषणा करते हुए जेके टायर के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रघुपति सिंघानिया ने कहा, जेके टायर ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन किया है, जो विकास की सकारात्मक गति को समर्थन प्रदान करता है. घरेलू बाजारों में 15 प्रतिशत की मात्रात्मक वृद्धि दर्ज की गयी, जो सभी श्रेणियों में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाती है. उन्होंने कहा कि अमेरिका में आयात शुल्क दरों की अनिश्चितता के बावजूद पहली तिमाही की तुलना में निर्यात की मात्रा में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों, मौजूदा बाजारों में गहरी पैठ और नये भौगोलिक क्षेत्रों में उच्च मार्जिन वाले उत्पादों की शुरुआत के कारण संभव हुई.

स्पाइसजेट के बेड़े में एक और बोइंग 737 विमान शामिल

नयी दिल्ली, 28 अक्टूबर कफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट के बेड़े में एक और बोइंग 737 विमान शामिल हो गया है. एयरलाइंस ने मंगलवार को बताया कि इसके अलावा उसका एक बोइंग 737 मैक्स जो परिचालन से बाहर था, फिर से उड़ान भरने के लिए तैयार हो गया है. इन दो विमानों के साथ इस महीने एयरलाइन के बेड़े में कुल पांच विमान शामिल हो गये हैं, जो विंटर शेड्यूल में उड़ानों की संख्या बढ़ाने की कंपनी की रणनीति में महत्वपूर्ण है. दोनों विमानों ने अब वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है. स्पाइसजेट ने इससे पहले इसी महीने दो बोइंग 737 और एक वाइड-बॉडी एयरबस ए340 विमान को शामिल कर अपने बेड़े का विस्तार किया था.

टाटा ट्रस्ट में बड़ा 'तख्तापलट'!

रतन टाटा के करीबी मेहली मिस्त्री की विदाई तय

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर. देश के सबसे औद्योगिक घराने टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस में मैज्योरिटी हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट्स में बड़ा उलटफेर हुआ है. दिवंगत रतन टाटा के करीबी माने जाने वाले मेहली मिस्त्री को ट्रस्ट से हटाया जा सकता है.

टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा, वाइस चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन और ट्रस्टी विजय सिंह ने मेहली मिस्त्री के कार्यकाल को आगे बढ़ाने की मंजूरी नहीं दी है. सूत्रों के मुताबिक इससे टाटा के इन बड़े चैरिटेबल संस्थानों में उनका सफर खत्म हो जाएगा. दरअसल, टाटा ट्रस्ट्स के सीईओ सिद्धार्थ शर्मा ने पिछले शुक्रवार को मेहली मिस्त्री के तीन साल के कार्यकाल को बढ़ाने का प्रस्ताव रखा. इकोनॉमिक्स टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रस्टी डेरियस खंबाटा, प्रमित झावेरी और जहांगीर जहांगीर ने इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी थी. लेकिन, जब टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा (रतन टाटा के सौतेले भाई), वाइस चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन और ट्रस्टी विजय सिंह ने इस प्रस्ताव के खिलाफ वोट कर दिया तो मिस्त्री के कार्यकाल पर प्रभावी रूप से पूर्णविराम लगा दिया.

टीवीएस मोटर्स ने बनाया बिक्री, राजस्व और मुनाफे का रिकॉर्ड

बेंगलुरु, 28 अक्टूबर (वार्ता) दुपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी टीवीएस मोटर को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के दौरान एकल आधार पर 906 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले 37 प्रतिशत अधिक है.

कंपनी ने मंगलवार को घोषित वित्तीय परिणामों में बताया कि दूसरी तिमाही में उसका राजस्व, बिक्री और मुनाफा तीनों ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्तर पर रहे.

CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED

कैपरी ग्लोबल कैपीटल लिमिटेड

पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय 502, टॉवर-ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013, सर्कल ऑफिस पता - 9बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली - 110060

मांग नोटिस

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के अंतर्गत, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अंतर्गत कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (CGCL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत डिमांड नोटिस जारी किए हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ("उक्त उधारकर्ता(ओं)") को उन्हें जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशियों को चुकाने के लिए कहा गया है, जो नीचे भी दिए गए हैं। उपरोक्त के संबंध में, उक्त ऋणी(यों) को एक बार फिर सूचित किया जाता है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर, नीचे उल्लिखित राशियाँ, साथ ही नीचे उल्लिखित तिथि(यों) से भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू ब्याज, उक्त ऋणी(यों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हों, के साथ पठित ऋण समझौते के अंतर्गत देय, सीजीसीएल को अदा करें। ऋण की उचित अदायगी हेतु प्रतिभूति के रूप में, उक्त ऋणी(यों) द्वारा निम्नलिखित संपत्तियाँ क्रमशः सीजीसीएल के पास गिरवी रखी गई हैं।

स. क्र.	उधारकर्ता (ओं)/ गारंटर (ओं) का नाम	मांग नोटिस की तिथि और राशि	सुरक्षित परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण
1.	(ऋण खाता क्रमांक LNMEIN5000150875 (पुराना) एवं 80300005673440 (नया) (इंदौर शाखा) श्री दादू सिंह राठौर (उधारकर्ता) श्रीमती मंजू कुंवर (सह-उधारकर्ता)	14.10.2025 रु. 21,54,945/- (08.10.2025 तक)	संपत्ति का वह समस्त टुकड़ा और पार्सल जिसमें भूमि और भवन हो, मकान/प्लॉट क्रमांक 1, सर्वे क्रमांक 198, पटवारी हल्का क्रमांक 69, क्षेत्रफल 4606 वर्ग फुट या 427 वर्ग मीटर, वार्ड क्रमांक 05, अमोदिया, तहसील - बदनावर, जिला- धार, मध्य प्रदेश 454665, निम्नानुसार परिबद्धः उत्तरः सड़क, दक्षिणः सड़क, पूर्वः नरेंद्र सिंह का मकान, पश्चिमः स्वयं की भूमि और फिर सार्वजनिक सड़क
2.	(ऋण खाता संख्या) LNMEDHA000077223 (पुराना) 80400005610066 (नया) LNMEDHA000101889 (पुराना) 80300005613365 (नया) (धार शाखा) श्रीमती हेमलता कौशन (उधारकर्ता) श्री संतोष कुमार कौशल, श्री विजय कौशल, श्रीमती विद्या पत्नी विजय (सह- उधार लेने वाला)	14.10.2025 रु. 51,36,282/- (08.10.2025 तक)	संपत्ति का वह टुकड़ा और पार्सल जिसमें भूमि और भवन है, खुली भूमि संख्या 1 के साथ इकाई आवासीय और वाणिज्यिक घर है, क्षेत्रफल 4500 वर्ग फीट, पीएच संख्या 63, वार्ड संख्या 6, गांव बरिया, तहसील गंधवानी, जिला धार, मध्य प्रदेश 454446 निम्नानुसार घिरा हुआ हैः उत्तरः भरत कोतवाल का घर, दक्षिणः सड़क, पूर्वः अपनी जमीन, पश्चिमः सड़क

यदि उक्त उधारकर्ता सीजीसीएल को पूर्वोक्त भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो सीजीसीएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अंतर्गत उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगा, जिसकी लागत और परिणामों का जोखिम पूरी तरह से उक्त उधारकताओं का होगा। अधिनियम के तहत, उक्त उधारकताओं को सीजीसीएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा, उपरोक्त परिसंपत्तियों को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम के तहत बनाए गए एक्टर नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, उसे अधिनियम के तहत कारावास और/या दंड का सामना करना पड़ेगा।

स्थानः इंदौर, धार
दिनांकः 29-10-2025

एसडी/- (प्राधिकृत अधिकारी),
केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) के लिए

HFS Hiranandani Financial Services

हीरानंदानी फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 514, दालमल टावर्स, 211 फ्री प्रेस जर्नल मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई- 400021।
कॉर्पोरेट कार्यालयः 9वीं मंजिल, सिग्मा टावर्स, हीरानंदानी बिजनेस पार्क, टेक्नोलॉजी स्ट्रीट, पवई, मुंबई- 400076।
ईमेलः wecare@hfs.in • वेबसाइटः www.hfs.in • दूरभाषः 022-25763623 • सीआईएन संख्याः U65999MH2017PTC291060

मांग नोटिस

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रवर्तन के प्रावधानों के अंतर्गत प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम")

अधोहस्ताक्षरी, अधिनियम के तहत हीरानंदानी फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (जिसे आगे "एचएफएस" कहा जाएगा) के प्राधिकृत अधिकारी हैं। और अधिनियम की धारा 13(12) के साथ नियम 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग पत्र जारी किए हैं। जिसमें निम्नलिखित उधारकताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। अधोहस्ताक्षरी का उचित रूप से मानना है कि उधारकर्ता मांग पत्र की तामील से बच रहा है, इसलिए नियमानुसार नोटिस की तामील चिपकाकर और प्रकाशित करके की जा रही है। मांग पत्र की विषयवस्तु नीचे उद्धृत हैः

ऋण खाता संख्या और उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता का नाम / पता	मांग नोटिस की तारीख धारा 13(2) और कुल ओ/एस.	सुरक्षित परिसंपत्तियों/बंधक संपत्ति का विवरण
LAN: 4375091101026094 / ग्राहक आईडी 78293 1. अशोक पाटीदार (उधारकर्ता) 2. रितुबाला पाटीदार (सह-उधारकर्ता) 3. बलराम नंदराम (सह-उधारकर्ता) 4. पप्पू बाई (सह-उधारकर्ता) क्रमांक 1 के लिए पताः भावगढ़ फांटा दलोदा रेल मंदसौर एमपी, मंदसौर, म.प्र. - 458667। क्रमांक 2 के लिए पता। : वार्ड क्रमांक 07 ग्राम गुराड़िया लालमुहा गुरादियालालमुहा मंदसौर म.प्र. मंदसौर, मध्य प्रदेश - 458002. पताः क्रमांक 3 एवं 4 के लिए : 199 गुराड़िया लालमुहा ग्राम गुराड़िया लालमुहा दलोदा, मंदसौर, म.प्र., भारत, 458002।	दिनांक : 24.10.2025 LAN के लिए : 4375091101026094 रू. 20,24,330/- (बीस लाख चौबीस हजार तीन सौ तीस मात्र) 16.10.2025 और NPA तिथि : 02.10.2025	1500 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली संपत्ति का वह हिस्सा, जो मकान संख्या 198, वार्ड संख्या 07, पटवारी हल्का संख्या 08, गाइड लाइन के अनुसार, पटवारी हल्का संख्या 00008, ग्राम गुराड़िया लालमुहा, शासकीय विद्यालय, तहसील दलौदा, जिला मंदसौर (मध्य प्रदेश) - 458002 (मध्य प्रदेश) में स्थित है। चार सीमाएँः - पूर्व - मुख्य सड़क, पश्चिम - बाजार 30 फीट, उत्तर - रामप्रसाद का मकान, दक्षिण - रामेश्वर जी का मकान, जमीन से जुड़ी किसी भी चीज या जमीन से जुड़ी किसी भी चीज से स्थायी रूप से जुड़ी हुई किसी भी चीज सहित उस पर मौजूद सभी वर्तमान और भविष्य की संरचनाओं सहित।

उधारकताओं को सलाह दी जाती है कि वे मांग सूचना का अनुपालन करें और इसमें उल्लिखित मांग राशि का भुगतान इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत और व्यय सहित भुगतान की प्राप्ति की तिथि तक करें। उधारकर्ता ध्यान दें कि एचएफएस एक सुरक्षित ऋणदाता है और उधारकताओं द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा उधारकताओं द्वारा गिरवी रखी गई अचल संपत्ति/संपत्तियों के विरुद्ध एक सुरक्षित ऋण है। यदि उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर अपनी देनदारियों का पूर्ण रूप से भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो एचएफएस अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सुरक्षित संपत्तियों का कब्जा लेने के सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार होगा, जिसमें बिक्री के माध्यम से या अधिनियम और उसके तहत नियमों के तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय का आह्वान करके उन्हें स्थानांतरित करना और भुगतान प्राप्त करना शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। एचएफएस को बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले सुरक्षित परिसंपत्तियों को कुर्क करने और/या सील करने का भी अधिकार है। सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री के बाद, एचएफएस को शेष बकाया राशि की वसूली के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है, यदि गिरवी रखी गई संपत्तियों का मूल्य एचएफएस को देय बकाया राशि को कवर करने के लिए अपर्याप्त है। यह उपाय एचएफएस को किसी अन्य कानून के तहत उपलब्ध सभी अन्य उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है। उधारकर्ता(ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13(8) और अधिनियम की धारा 13(13) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके तहत उधारकर्ता(ओं) को एचएफएस की पूर्व लिखित सहमति के बिना सुरक्षित परिसंपत्तियों का निपटान या लेनदेन करने या बिक्री, पट्टे या अन्यथा (व्यावसायिक गतिविधि के अलावा) किसी भी सुरक्षित परिसंपत्ति को स्थानांतरित करने से रोका/निषिद्ध किया जाता है और उपरोक्त का पालन न करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है। मांग सूचना की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है और ऋणी, यदि चाहें तो, सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से इसे प्राप्त कर सकते हैं।

एसडी/-
स्थानः मंदसौर, मध्यप्रदेश
दिनांकः 29.10.2025

प्राधिकृत अधिकारी,
हीरानंदानी फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड

समाचार विशेष

पीके ने भी मैदान छोड़ दिया!

पटना. एक तरफ राष्ट्रीय जनता दल के अदृश्य दबाव में सरेंडर करने की खबर है तो दूसरी ओर प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी के भी मैदान छोड़ देने की चर्चा है. पिछले 10 दिन से प्रशांत किशोर लगभग पूरी तरह से मैदान से बाहर हैं.

सोशल मीडिया पर उनका अभियान कमजोर हो गया है. पहले हजारों की संख्या में एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम हैंडल से पीके की बातों को प्रचारित किया जाता था. कई तटस्थ दिखने वाले हैंडल से प्रशांत किशोर के बारे में प्रोपेगेंडा चलता रहता था. वे खुद हर दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस करते थे और विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते थे. लेकिन पिछले 10 दिन से उन्होंने यह सब बंद कर दिया है. सोचें, जिन नेताओं को उन्होंने आर्थिक भ्रष्टाचार या आपराधिक मामलों में शामिल होने के लिए निशाने पर लिया उन्होंने नामांकन किया लेकिन पीके ने किसी पर सवाल नहीं उठाया.

नामांकन में बड़े नेता शामिल

सबसे हैरानी की बात है कि प्रशांत किशोर खुद चुनाव नहीं लड़े और अपनी पार्टी के किसी भी उम्मीदवार के नामांकन में नहीं गए. आमतौर पर नामांकन में बड़े नेता शामिल होते हैं और उसके बाद जनसभा को संबोधित करते हैं, जिससे उस क्षेत्र में चुनाव का माहौल बनता है. लेकिन प्रशांत किशोर ने ऐसी एक भी जनसभा नहीं की है और पहले चरण की 121 सीटों के नामांकन समाप्त हो गए. उनका दानापुर सीट का उम्मीदवार ऐन नामांकन के समय मैदान छोड़ कर भाग गया.

प्रबल इंजन सरकार... पीडीए का नया अर्थ

लखनऊ. उत्तर प्रदेश की राजनीति में अब चुनावी सरगर्मी गरमाती दिखने लगी है. पोस्टरों वाली राजनीति तो यूपी की पहचान रही है. समाजवादी पार्टी ने अब अखिलेश यादव के नेतृत्व में वर्ष 2027 में सरकार को लेकर नया पोस्टर जारी किया है. इसको लेकर राजनीतिक चर्चा खूब गरमाई हुई है. भाजपा की ओर से हर मंच से डबल इंजन की सरकार को विकास की कुंजी बताती रही है. वहीं समाजवादी पार्टी ने इसके जवाब में प्रबल इंजन सरकार का नारा दिया है. सपा ने अखिलेश यादव के पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक यानी पीडीए पॉलिटिक्स को भी लेकर बड़ा दावा किया है. पार्टी की ओर से 2027 में उत्तर प्रदेश में पीडीए यानी प्रगतिशील, दूरदर्शी और अमनपसंद सरकार बनने का दावा किया है.

प्रदेश कार्यालय के बाहर लगा पोस्टर- सपा के प्रदेश कार्यालय के बाहर लगाया पोस्टर इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. पोस्टर में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को एक ट्रेन चलाते हुए दिखाया और उसके साथ लिखा है, फिर से चलेगी समृद्धि की बयार, जब 2027 में आएगी प्रबल इंजन सरकार. संतकबीर नगर के मेंहदावल विस सीट के जयराम पांडेय की ओर से इस पोस्टर को लगवाया.

डबल इंजन बनाम प्रबल इंजन- भाजपा नेता लंबे समय से अपने भाषणों में डबल इंजन की सरकार को राज्य के विकास की जरूरत बताते हैं, यानी केंद्र और राज्य, दोनों जगह भाजपा या एनडीए की सरकार. इसके जवाब में सपा ने प्रबल इंजन का नया राजनीतिक मुहावरा गढ़कर भाजपा पर पलटवार किया है.

विशेष जातीय समीकरण साधने पर बनेगी बात

राजनीतिक घराने की दूसरी-तीसरी पीढ़ी मैदान में

छौड़ाही (बेगूसराय). चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रथम चरण में मतदान है. इसके लिए नाम वापसी के बाद प्रत्याशी मैदान में आ गए हैं. यहां के सिटिंग राजद विधायक राजवंशी महतो का टिकट कट चुका है. अब प्रत्याशी व उनके समर्थक अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए जातीय गुणा भाग में सर्वाधिक समय दे रहे हैं.

एनडीए, महागठबंधन एवं जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी सक्रिय हैं. जन सुराज पार्टी ने डॉ. मृत्युंजय कुमार चौधरी को टिकट दिया है. एनडीए से जदयू के अभिषेक कुमार एवं महागठबंधन से सुशील कुमार भूमिहार-ब्राह्मण के बाद सर्वाधिक मतदाता वाले कोइरी (कुशवाहा) जाति से हैं.

यहां राजद से बागी होकर इसी वर्ग से एक और प्रत्याशी ने नामांकन कराया है. बाहरी एवं स्थानीय को ले कार्यकर्ताओं में काफी उथल-पुथल है. जन सुराज के कार्यकर्ताओं में भी प्रत्याशी का नाम तय होने के बाद काफी बेचैनी देखी गई है. इस विधानसभा क्षेत्र के मतदान का पैटर्न ऐसा रहा है कि जातीय सीमा टूट भी जाती है तो भूमिहार या कुशवाहा जाती से ही विधायक बनते हैं.

दोनों मुख्य गठबंधन में परिवार की जय

एनडीए से जदयू से अभिषेक कुमार ने नामांकन कराया है. यह पूर्व मंत्री एवं दो बार चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुकीं मंजू वर्मा के पुत्र हैं. अभिषेक कुमार के दादा सुखदेव महतो भी एक बार सीपीआई से यहां के विधायक चुने गए थे. यानी तीसरी पीढ़ी परिवारवाद को कायम रखने को चुनाव मैदान में उतरे हैं. महागठबंधन की तरफ से सीटिंग विधायक राजवंशी महतो का टिकट कट गया और खगड़िया जिले के निवासी पूर्व मुख्यमंत्री सतीश प्रसाद सिंह के पुत्र सुशील कुमार को राजद का सिंबल मिला.

जातिगत आंकड़े

परिसीमन के बाद 2005 के दोनों बार के विधानसभा चुनाव में भूमिहार-ब्राह्मण अनिल चौधरी ने लोजपा से विधायक चुने गए. इसके बाद वर्ष 2010 एवं 2015 में मंजू वर्मा एवं 2020 में विधायक चुने गए राजवंशी महतो कोइरी कुशवाहा जाति से हैं. इससे पूर्व भी भूमिहार-ब्राह्मण जाति के रामजीवन सिंह तो, वहीं कुशवाहा जाति से स्व. हरिहर महतो, स्व. सुखदेव महतो, अशोक महतो भी यहां से विधायक चुने गए हैं.

AGRIM HOUSING FINANCE AB GHAR LENA AASAN

अग्रिम हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : ऑफिस नं. 3212, ए-विंग, 32वीं मंजिल, मेराथन फ्युचरेक्स, एनएम जोशी मार्ग, लोवर परेल - 400013. **CIN : U74999MH2018PTC304630**

अचल संपत्तियों के बिक्री हेतु विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों) के विक्रय हेतु नीलामी विक्रय सूचना

एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रुप में उधारकर्ता (ओं) तथा गारंटर (रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत ऋणदाता के पास बंधककृत / प्रभारित निम्न विवरणित अचल संपत्तियां, जिनका अधिग्रहण **अग्रिम हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी / प्रतिभूत ऋणदाता द्वारा लिया जा चुका है, उनका विक्रय यहां इसमें निम्नानुसार प्रस्तुत तालिका में अंकित तिथि एवं समय पर **'जैसी है जहां है', 'जैसी है जो है' और 'वहां जो कुछ भी है'** आधार पर यहां इसमें निम्न तालिका में वर्णित उधारकर्ताओं एवं गारंटर (रों) की ओर से प्रतिभूत ऋणदाता को देय, यहां नीचे तालिका में अंकितानुसार बकाया राशियों तथा इन पर नियत भावी ब्याज एवं अन्य व्ययों की वसूली हेतु किया जायेगा। आरक्षित मूल्य धरोहर राशि जमा (ईएमडी) तथा धराज प्रस्तुति की अंतिम तिथि का उल्लेखन भी यहां इसमें प्रस्तुत निम्न तालिका में किया गया है

ऋणियो/सह-ऋणियों/ जमानतदारो के नाम	अचल संपत्ति का विवरण	निम्नानसुार बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना जमा राशि (ईएमडी)	नीलामी की तिथी एवं समय
1. श्री पंकज विश्वकर्मा पिता श्री रामबहोर विश्वकर्मा 2. श्रीमती मधु विश्वकर्मा पति श्री पंकज विश्वकर्मा	प्लाट नं. 70-सी, जीवन ज्योती विहार कॉलोनी, सेक्टर-डी, ग्राम काली बिल्लोद, तहसील देपालपुर, जिला इन्दौर 453001 (म.प्र.)	₹ 11,89,942/- दिनांक 31.03.2025 को + ₹ 15,278/- दण्ड ब्याज दिनांक 31.03.2025 को	₹ 1,20,522/- ₹ 12,052/-	10-11-2025 & 1.30 PM

संपत्ति के ऑन-साइट निरीक्षण की तिथि और समय : 3 एवं 4 नवंबर 2025

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया अग्रिम हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड/सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट यानी **https://agrimhfc.com/** पर दिए गए लिंक को देखें।

इच्छुक बोलीदाता संपर्क भी कर सकते हैं: **कपिल जोशी, मोबाईल: 8889811455**

ऋणी/जमानतदारो हेतु विक्रय सूचना

उपरोक्त को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 9(1) के साथ पठित धारा 8(6) के तहत नोटिस माना जाएगा, जिसके तहत दायित्वधारियों को प्रकाशन की तिथि से **15 दिनों** के भीतर इसका भुगतान करना होगा।

हस्ता /-
दिनांकः 29.10.2025
स्थान : इन्दौर (म.प्र.)

प्राधिकृत अधिकारी
अग्रिम हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड